>

Title: Regarding dilapidated condition of National Highways in Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना): अध्यक्ष महोदया, मध्य प्रदेश सहित देश के राष्ट्रीय राजमार्गों की जो हालत खराब हुई है, उस तरफ मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। ...(व्यवधान) मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं। ...(व्यवधान) हमारे यहां 4,700 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, लेकिन वे सब गड्ढों में तब्दील हो गये हैं। वहां गाड़ियां फंसी हुई हैं, आवागमन रुका हुआ है। ...(व्यवधान) एनएच 3, ग्वालियर, शिवपुरी, इंदौर, पुणे, मुम्बई भी प्रभावित है। ...(व्यवधान) एनएच 7, एनएच 25, एनएच 59, एनएच 69 और एनएच 75 पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि उन सड़कों के सुधार के लिए आवश्यक धनराशि देने का काम करें। आज बरसात के कारण सड़कें पूरी तरह से गड्ढों में समा चुकी हैं। ...(व्यवधान) जगह-जगह पर अवरोध उत्पन्न हो चुका है।

अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।